an>

Title : Need to reintroduce free Monthly Season Ticket to students for rail journey.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) ः मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि रेलवे विभाग द्वारा ग्रामीण छात्/छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए "0 " बैलेंस पर निशुल्क मासिक पास (एम.एस.टी.) बनाया जाता था। लेकिन 2015-16 में रेलवे द्वारा यह व्यवस्था पूर्णतया बन्द कर दी गई है। जिससे ग्रामीण छात्/छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण अधिक संख्या में गरीब एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. छात्र शहरों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए नहीं आ पा रहे हैं।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री से मांग करता हूँ कि रेलवे विभाग द्वारा शिक्षार्थियों को जो पास (एम.एस.टी.) "0 " बैलेंस पर पास बनाया जाता था, उसको दोबारा शुरू किया जाये ताकि ग्रामीण बालक/बालिकाएं शहरों में उच्चतर महाविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आ सकें।